BHADOHI POLICE

प्रेस-नोट **दिनांक- 06.04.2025**

साइबर क्राइम पुलिस थाना जनपद भदोही

◆पुलिस अधीक्षक भदोही अभिमन्यु मांगलिक के कुशल निर्देशन में साइबर क्राइम पुलिस थाना जनपद भदोही द्वारा पीडित के खाते में 150000/- रु0 धनराशि को कराया गया वापस।

◆स्थानान्तरित धनराशि अपने खाते में पाकर पीड़ित द्वारा किया गया भदोही पुलिस का हृदय से धन्यवाद।

जनपद में हो रहे साइबर अपराध की रोकथाम हेतु श्री अभिमन्यु मांगलिक पुलिस अधीक्षक भदोही द्वारा साइबर क्राइम पुलिस थाना को किसी पीड़ित व्यक्ति के साथ हुए धोखाधड़ी या सोशल साइट के दुरुपयोग पर त्वरित कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है। उक्त के क्रम में NCRP शिकायतकर्ता इशतियाक अहमद खान निवासी चौरी रोड भदोही से जमीन खरीददारी के नाम पर 1,50,000/-रू0 का फ्राड किया गया जिसमें 50,000/-रू0 पीड़ित के बैंक खाता में पिछले माह वापस कराया गया था, तथा 100000/- रुपये पुनः वापस कराया गया है, साइबर क्राइम पुलिस थाना द्वारा उक्त मुकदमें तथा प्रार्थना पत्र का अवलोकन कर त्वरित कार्यवाही करते हुए प्रभारी निरीक्षक साइबर थाना श्री बृजेश सिंह , का0 कन्हैया कुमार सिंह द्वारा कुल 150000/-रू0 की धनराशि को पीड़ित के खाते में वापस कराया गया। पीडित द्वारा अपने खाते से गयी धनराशि को वापस पाकर भदोही पुलिस के प्रति आभार व्यक्त करते हुए भदोही पुलिस की भूरि- भूरि प्रशंसा की गयी।

साइबर फ्राड़ के बचने के लिए सावधानिया-

◆साइबर फ्राड होते ही तत्काल 1930 पर कॉल कर शिकायत दर्ज करें।

◆किसी अन्जान व्यक्ति के कहने पर कोई एप डाउनलोड़ न करें।

◆वर्क फ्राम होम, शेयर ट्रेडिंग करने से पहले सम्पूर्ण जानकारी प्राप्त कर ही उपयोग करें।

◆कृपया किसी अनजान व्यक्ति के द्वारा पैसो की मांग किये जाने पर अच्छे से जाँच ले एवं अपने खाते का बैलेंस चेक कर ले, किसी के बहकावे में न आये।

◆अज्ञात व्यक्ति/अज्ञात मोबाइल नम्बर द्वारा भेजी गयी लिंक को क्लिक न करें।

साइबर क्राइम पुलिस टीम भदोही

निरी0 श्री बृजेश सिंह क्राइम पुलिस थाना जनपद भदोही।

का0 कन्हैया सिंह साइबर क्राइम पुलिस थाना।